भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2639

जिसका उत्तर 18.12.2024 को दिया जाना है

पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 2 पर यातायात अव्यवस्था

2639 श्री विवेक के. तन्खा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि ऐतिहासिक महत्व का होने के अलावा पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग 2 एक तरफ धनबाद को दिल्ली से और दूसरी तरफ दुर्गापुर के रास्ते कोलकाता से जोड़ने में बहुत महत्वपूर्ण है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजमार्ग पर अनेक चौराहों के कारण, इस पर प्रतिदिन यातायात संबंधी भारी समस्या होती है;

(ग) यदि हां, तो भीड़भाड़ को कम करने और इसे वास्तव में तीव्रगामी बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार यातायात अव्यवस्था को कम करने के लिए सभी चौराहों पर फ्लाईओवर बनाने योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हाँ। पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (नया एनएच-19) स्वर्णिम चतुर्भुज का भाग है जो दिल्ली को कोलकाता से जोड़ता है।

(ख) से (ड.) यातायात संबंधी समस्याओं से बचने के लिए, पुराने एनएच-02 (नए एनएच-19) को चार लेन से छह लेन तक चौड़ा करने के भाग के रूप में, विभिन्न प्रकार के चौराहों के साथ टकराव से बचने के लिए स्थान की आवश्यकता और तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर अतिरिक्त संरचनाओं का प्रावधान/पूरा किया गया है। इसके अलावा, वाराणसी-कोलकाता के बीच एक ग्रीनफील्ड 6 लेन हाई स्पीड गलियारा के विकास का भी प्रस्ताव है।

******